**LBS GOVT COLLEGE KOTPUTLI**

**7.1.9**

कार्यालय प्राचार्य ला.ब.शा.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटपूतली

दिनांक :–05.12.2020

प्रेस नोट

लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली में 6 दिसम्बर 2020 को ''संविधान और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका '' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया जाऐगा। वेबीनार के संयोजक प्रो.योगेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि वेबीनार के मुख्य वक्ता वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के पूर्व उपकुलपति प्रो.नरेश दाधीच तथा विशिष्ट वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर एल.आर.चौधरी होगें। यह वेबीनार गूगल मीट के माध्यम से सम्पन्न होगी। समय दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक रहेगा।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली

स्वच्छता की ओर बढने का आह्वान किया।

**दिनांक 27.08.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना** की चारों इकाईयों व रोवर रेंजर्स गाईड के संयुक्त तत्वाधान में मदर टेरेसा की 108 वीं जयन्ती के अवसर पर वृक्षारोपण, व्याख्यान माला एवं ''मानव सेवा '' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो.हेमराज मीणा ने वृक्षारोपण किया एवं मदर टेरेसा के जीवन पर प्रकाश डाले हुए मानवता की सेवा के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो.सुरेश कुमार यादव ने भी वृक्षारोपण कर मदर टेरेसा के जीवन पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ.प्रीतम राज ने कहा कि जो भी हमसे मिलकर जाऐ प्रसन्न होकर जाऐ, यह भी एक मानवता की सेवा है।

डॉ.प्रीतम राज, प्रो.अशोक सिंह, डॉ.सुनीता स्वामी एवं बडी संख्या में छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहें।

**दिनांक 21.09.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना** एवं रोवर रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में जिला निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी जयपुर के आदेशानुसार महाविद्यालय में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में जागरूकता पैदा करने के लिए ईवीएम/वीवी पैट /मतदान जागरूकता के प्रचार प्रसार हेतु प्राचार्य प्रो.योगेश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संचालित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य जी ने युवाशक्ति को समाज में मतदान हेतु जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया।

प्रो.रविन्द्र कुमार ने लोकतंत्र और मतदान विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया तथा डॉ.संगीता माथुर ने विद्यार्थियों को ईवीएम मशीन का प्रयोग कैसे किया जावे। इस विषय पर जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को मतदान हेतु प्रेरित किया। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ.सुनीता स्वामी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, स्वयंसेवको को अपने –अपने गांव व ढाणियों में जाकर इसका प्रचार प्रसार करने को कहा।

**कार्यालय, प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली (जयपुर)**

दिनांक 23.01.2021

## ***प्रेस नोट***

कार्यालय निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम, कोटपूतली के आदेश दिनांक 22.01.2021 की अनुपालना में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आज दिनांक 23.01.2021 को 11 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में मतदाताओं को चुनाव एप्लीकेशन की जानकारी देने के लिए मतदाता सूची में ऑनलाईन पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी एवं मतदाता सूची में नाम खोजने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके पश्चात् मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने की सुविधा के बारे में बताया गया। इसके तहत मोबाईल एप के माध्यम से आयोग के पोर्टल से e-EPIC Generate किया

जाने तथा इसे Digital Locker में सुरक्षित रखने की जानकारी दी गयी। मतदान जागरूकता पर एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य श्री योगेश चन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया साथ ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुये, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा।

कार्यक्रम के दौरान एन.एस.प्रभारी डॉ. प्रीतम राज, श्री अशोक सिंह, श्री रविन्द्र कुमार, डॉ. सुनीता स्वामी के साथ एन.एस.एस. के स्वयंसेवक तथा रोवर लीडर प्रभारी डॉ. शीशराम यादव, रेंजर लीडर श्रीमती सुबिता और एन.सी.सी. कैडेटस उपस्थित रहे। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. सुरेश कुमार यादव उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली




OPPO F9

**आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph 0141-2706550

क्रमांक :एफ. 7 (4) विविध / अकाद / आकाशि / 2019 / 99 दिनांक : 12/08/21

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान

**विषय :–प्रत्येक जिले के सभी महाविद्यालयों में ELC का गठन किये जाने एवं जिले के किसी भी एक महाविद्यालय में Lead ELC के गठन की सूचना बाबत।**

संदर्भ:–मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान, जयपुर का पत्रांक एफ.4(3)(3) स्वीप / निर्वा / ELC/ 2018/3755 dated 3-08-2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य में मतदाता जागरूकता हेतु संचालित स्वीप (SVEEP) गतिविधियों के अन्तर्गत निर्वाचन साक्षरता क्लब (Electroal Literacy Club) के अन्तर्गत महाविद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु ELC का गठन किया जाकर विभिन्न गतिविधियां करवाई जानी अपेक्षित हैं ।

संलग्न सूची में अंकित 33 नोडल महाविद्यालय में Lead ELC एवं प्रत्येक महाविद्यालय में ELCs का गठन कर ECI SVEEP PORTAL पर रजिस्ट्रेशन करें तथा Lead ELC की सूचना निर्धारित प्रारूप में निर्वाचन विभाग की ई–मेल आईडी ceojpr-rj@nic.in एवं आयुक्तालय की मेल jdacad1960@gmail.com पर शीघ्र भिजवाया जाना सुनिश्चित करें । उक्त के सम्बन्ध में ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ0 सुधीर सोनी, निर्वाचन विभाग, राज0, जयपुर (9414716676) से सम्पर्क कर सकते हैं ।

| जिले का नाम | ~~Lead~~ ELC महाविद्यालय का नाम | Lead ELC प्रभारी का नाम | मोबाईल नम्बर | ई–मेल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 Dr. Bharat | 190018- | 5 |
| Jaipur | LBS College Kotputli | Lal Meena | -37488 | |

संलग्न–33 नोडल महाविद्यालयों की सूची।

( डॉ0 सौमित्र नाथ झा )
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

क्रमांक एफ. 7 (4) विविध / अकाद / आकाशि / 2019 / 99 दिनांक : 12/8/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जयपुर को उनके पत्रांक एफ.4(3)(3) स्वीप / निर्वा / ELC/2018/ 3755 dated 3-08-2021 के कम में।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
4. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु।

( डॉ0 सौमित्र नाथ झा )
संयुक्त निदेशक, अकादमिक